>

Title: Regarding making of check dams for water shortage and supply in Valsad Parliamentary Constituency

डॉ. के. सी. पटेल (वलसाड): महोदय, धन्यवाद । मैं आदरणीय नरेन्द्र भाई मोदी जी, अमित भाई शाह जी और अपने वलसाड, डांग और वांसदा के सभी मतदाता भाइयों का बहुत-बहुत आभारी हूं और उन सबका वंदन करता हूं । मेरे सब साथी मित्र जो यहां इस पवित्र ऑगस्ट हाउस में हैं, उनका भी मैं वंदन करता हूं ।

मेरे डांग डिस्ट्रक्ट, वलसाड डिस्ट्रिक्ट और नवसारी डिस्ट्रिक्ट में अभी बारिश नहीं है । हम वहाँ टैंकर्स से पानी सप्लाई करते हैं । हमारे वहां हर साल सौ इंच बारिश होती है, लेकिन सब पानी समुद्र में चला जाता है । हमारे यहां बड़ी-बड़ी नदियां हैं । मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूं कि हमारे यहां बड़े-बड़े चैक डैम प्रधान मंत्री सिंचाई योजना से बनें, यही मेरी प्रार्थना है । इसका हमारे यहाँ बड़ा विस्तार है ।

14.00 hrs

वहां आदरणीय नरेन्द्र भाई मोदी जी ने 86 करोड़ रुपये की वाटर सप्लाई की बहुत बड़ी योजना शुरू की । वह जल्दी पूरी हो जाए । सर, हमारे वलसाड सिटी में एक बार पानी मिलता है । वलसाड सिटी में दमनगंगा नदी से पाइपलाइन के माध्यम से पानी आए, यह हमारी मांग है ।

हमारे यहां वापी इंडस्ट्रियल एरिया एशिया में सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल एरिया है । वहां हमारी इंडस्ट्रीज को जो परेशानी होती है, उससे उन्हें सहायता करें, यही मेरी प्रार्थना है ।